# श्याम की अँखियों में जादू | By Roshan Sharma

काले कजरारे नैना पलकें गुलाबी
पड़ती है श्याम की ये नज़रे जहाँ भी
हो जाती दुनिया बेकाबू........
श्याम की अँखियों में जादू है जादू
श्याम की अँखियों में जादू

नीली नीली अँखियाँ सागर से भी है गहरी
आभा हैं इनमे सूरज जैसी सुनहरी
जिनपे भी पड़े अँखियाँ ये जादूगर की
सुध बुध भूल बन जाए मुरलीधर की
रहे ना खुद पर काबू काबू
श्याम की अँखियों में जादू है जादू
श्याम की अँखियों में जादू

अँखियाँ तो बोले इसकी प्रेम वाली भाषा
करती है दूर सबके मन की निराशा
आशा पूरी करती है दुखड़े मिटाती है
बन पतवार नैया पार ये लगाती है
इसपे ज़िन्दगी लुटा दूँ लुटा दूँ
श्याम की अँखियों में जादू है जादू
श्याम की अँखियों में जादू

अँखियों में इनके तीनो लोक हैं समाये
दया की नज़र पाने को सिर को झुकाये
अँखियों का इसका ज़माना ये दीवाना है
सभी ने कभी से अपने मन में ये ठाना है
इस्पे ज़िन्दगी लुटा दू लुटा दू
श्याम की अँखियों में जादू है जादू
श्याम की अँखियों में जादू

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%85%e0%a4%81%e0%a4%96%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%82-by/